# हरियाणा विधान सभा

**(27 दिसंबर, 2022 को होने वाली हरियाणा विधानसभा की बैठक में पूछे जाने वाले)**

**तारांकित प्रश्न**

## 27 दिसंबर, 2022

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### संग्रह केंद्रों की संख्या

***21 श्री प्रमोद कुमार विज (पानीपत सिटी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) पानीपत शहर में घर-घर से कचरा उठाने के लिए सरकार द्वारा स्थापित संग्रह केंद्रों की स्थानवार संख्या कितनी है; तथा
(ख) पानीपत शहर में कचरे के उचित निस्तारण के लिए सरकार के प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है ?

----

### संपत्ति कर की कुल राशि

***22 श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) वित्तीय वर्ष 2021-22 तथा 2022-23 के लिए बादशाहपुर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाली अनियमित/अस्वीकृत कॉलोनियों से सरकार द्वारा संपत्ति कर की कुल कितनी राशि एकत्रित की गई तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा
(ख ) बादशाहपुर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र की उन कॉलोनियों का ब्यौरा क्या है जो सरकार के अनुमोदनार्थ विचाराधीन हैं तथा उनका ब्यौरा क्या है ?

----

## डी.एम.डी. रोग से पीड़ित रोगियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना

***23 श्री असीम गोयल नन्योला (अंबाला शहर):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या थैलेसीमिया रोगियों की तर्ज पर राज्य में डचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी रोग से पीड़ित रोगियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## सड़क की मरम्मत/ पुर्ननिर्माण करना

***24 श्री बलबीर सिंह (इसराना):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि इसराना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में निम्नलिखित सड़कें बहुत बुरी अवस्था में हैं:-

(i) गवालड़ा से नारायना;
(ii) गवालड़ा से नामुंडा;
(iii) रिफाईनरी क्रोसिंग से सिंगपुरा गांव बोहली तक;
(iv) गांव मांडी से पुठर, बुआना लाखु तक;
(v) पुठर से बांध;
(vi) शाहपुर से परड़ाना, सींक तक;
(vii) छिछड़ाना से उरलाना कलां;
(viii) छिछड़ाना से डुमियाना से उरलाना कलां, दरियापुर तक;
(ix) मतलोडा से थिराना, खण्डरा तक;
(x) थिराना से आसन खुर्द रोड;
(xi) सिथाना से बाल जट्टान;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों के कब तक मरम्मत/पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है ?

----

## गंदे पानी की निकासी करना

***25 श्री लीला राम (कैथल):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या कैथल विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांवों नौच, दयौरा, पाड़ला, सजुमा तथा धोंस में गंदे पानी की निकासी के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है तथा

उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## परिवार पहचान पत्रों का सत्यापन कार्य

***26 श्री शीशपाल सिंह केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या उपमुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) राज्य में परिवार पहचान पत्रों के डाटा के अनुसार 1,80,000 से कम आमदनी वाले परिवारों की कुल संख्या कितनी है तथा उपरोक्त व्यक्तियों/ परिवारों में उन लोगों की कुल संख्या कितनी है जिन्हें सरकार द्वारा बीपीएल कार्ड जारी किए गए हैं तथा उन परिवारों की संख्या कितनी है जो बीपीएल सूची से बाहर किए गए हैं जो उक्त बीपीएल सूची में पहले शामिल थे; तथा

(ख) क्या राज्य में सरकार द्वारा परिवार पहचान पत्रों का सत्यापन कार्य पूरा हो गया है; यदि नहीं, तो इसके लिए सरकार द्वारा निर्धारित की गई सीमा अवधि क्या है ?

----

## ब्लड बैंक खोलना

***27 श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि कालका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कालका तथा रायपुर रानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ब्लड बैंक खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां तो, उपरोक्त ब्लड बैंकों के कब तक खोले जाने की संभावना है?

----

## बेमौसम बारिश के कारण क्षतिग्रस्त फसलें

***28 चौ. आफताब अहमद (नूंह):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) राज्य में सितंबर/अक्टूबर, 2022 महीने के दौरान बेमौसम बारिश के कारण कृषि भूमि जिसमें फसलें क्षतिग्रस्त हुई हैं, के कुल रकबे का जिलावार तथा फसलवार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा कोई विशेष गिरदावरी की गई है या राज्य में उपरोक्त अवधि के दौरान जिन किसानों की फसलें खराब हुई हैं, उन्हें कोई मुआवजा प्रदान किया गया है; यदि हां तो, उसका जिलावार तथा फसलवार ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) उपरोक्त समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं ताकि किसान अगली फसल की जुताई कर सकंे तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## अनुसूचित जाति आयोग के गठन में देरी

***29 श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों के कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में अनुसूचित जाति आयोग का गठन कब तक किए जाने की संभावना है तथा इसके देरी के कारण क्या हंै ?

----

## अनुसूचित जातियों से संबंधित छात्रों की छात्रवृत्ति का ब्यौरा

***30 श्रीमती किरण चौधरी ( तोशाम):**

क्या सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि 2020-21 से सरकार द्वारा अनुसूचित जातियों से संबंधित छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं किया गया है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है तथा प्रभावित हुए छात्रों की संख्या कितनी है तथा उनका जिलावार ब्यौरा क्या है;
(ख) उन छात्रों का ब्यौरा क्या है जिन्हें उपरोक्त अवधि के दौरान राजकीय महाविद्यालय अटेली, महेंद्रगढ़ में सरकार द्वारा छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं किया गया है तथा सरकार द्वारा दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध की गई कार्रवाई तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## अनापत्ति प्रमाण पत्र को समय से जारी करना

***31 श्रीमती शैली चौधरी (नारायणगढ़):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि नारायणगढ़ में सम्पत्तियों के बेचने, खरीदने तथा निर्माण के लिए नगर पालिका द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र को समय पर जारी नहीं करने के कारण क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## संशोधन करना

***32 श्रीमती रेणु बाला (साढौरा):**

क्या उपमुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या हरियाणा लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (अनुज्ञप्ति तथा नियंत्रण) आदेश, 2022 में संशोधन करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो उपरोक्त संशोधन के कब तक किए जाने की संभावना है ?

----

## **घग्गर भूमि की एनहांसमेंट राशि**

***33 श्री राम कुमार गौतम ( नारनौंद):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए आश्वासन, घग्गर की 76 क्षेत्र एकड़ भूमि के अलावा प्रारम्भिक रूप से पंचकूला के सेक्टर 24 में अधिगृहित 44 एकड़ भूमि की एनहांसमेंट प्लाट धारकों पर लागू नहीं होगी, पर हरियाणा सरकार/ एच.एस.वी.पी. द्वारा कार्यवाही न किए जाने के क्या कारण हैं ?

----

## **बीपीएल कार्ड को जारी तथा निरस्त करने के मापदंड**

***34 श्री अमित सिहाग ( डबवाली):**

क्या उपमुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) राज्य में बीपीएल कार्ड को जारी तथा निरस्त करने के लिए सरकार के मापदंड क्या हैं;

(ख) राज्य में बीपीएल लाभान्वितों की सूची निर्णित करने की क्या प्रक्रिया अपनाई जा रही है;

(ग) 1 जनवरी, 2022 से आज तक सरकार द्वारा जारी किए गए/निरस्त किए गए बीपीएल कार्डों की संख्या कितनी है ?

----

## **अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत कार्य**

***35 श्री सीता राम यादव ( अटेली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) अटेली विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में उन गांवों के नाम क्या हैं तथा संख्या कितनी है जिनमें अमृत सरोवर योजना के अधीन कार्य आरम्भ किए गए हैं; तथा

(ख) अटेली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के शेष गांवों में अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## **मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत कार्यों का ब्यौरा**

***36 श्रीमती सीमा त्रिखा (बड़खल):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) माननीय मुख्यमंत्री घोषणा कोड 10202 के अंतर्गत सरकार द्वारा निष्पादित किए जाने वाले कार्य क्या हैं तथा अब तक निष्पादित किए गए उक्त कार्यों की संख्या कितनी है; तथा

(ख) शेष कार्यों के कब तक किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## आवेरलोडिड सीवरेज प्रणाली की समस्या का समाधान

***37 श्री भारत भूषण बत्रा ( रोहतक):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 1978 में रोहतक की पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के नए निर्मित 308 घरों के सीवरेज पानी की निकासी के लिए कनहेड़ी सड़क पर एक कुआं निर्मित किया गया था तथा दूसरे चरण में नए निर्मित 300 घरों को भी उपरोक्त कॉलोनी की उक्त पुरानी प्रणाली के साथ भी जोड़ा दिया गया था;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि वार्ड नंबर 20 तथा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के चारों ओर की 15-20 कॉलोनियों के बरसाती पानी निकासी प्रणाली को भी हाउसिंग बोर्ड की ओर भी मोड़ दिया गया था जिसके कारण बरसात के मौसम के दौरान पूरी सीवरेज प्रणाली बंद रहती है; तथा

(ग) यदि हां, तो क्या उपरोक्त समस्या का स्थाई समाधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा तो उक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## ग्राम दर्शन योजना लागू करने का उद्देश्य

***38 श्री राम कुमार (इंद्री):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में सरकार द्वारा ग्राम दर्शन योजना लागू करने का क्या उद्देश्य है ?

----

## गोद लिए गए गांवों में विकास कार्यों का ब्यौरा

***39 श्री इन्दु राज (बड़ौदा):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि गत 8 वर्षों के दौरान राज्य के माननीय मुख्यमंत्री, मंत्रियों तथा सांसदों द्वारा गोद लिए गए गांवों का ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त अवधि के दौरान उक्त गांवों में पूरे किए गए विकास कार्यो का ब्योरा क्या है ?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण करना

***40 श्री सत्य प्रकाश ( पटौदी):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार पटौदी में रनसीका में शहीद कपिल कुंडू के नाम पर एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) क्या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आईसीयू तथा वेंटीलेटर सुविधाएं उपलब्ध करवाने का भी कोई अन्य प्रस्ताव भी सरकार के विचाराधीन है ?

----

**चंडीगढ़.**
**दिनांक 27 दिसंबर, 2022.**

**राजेन्द्र कुमार नांदल,**
**सचिव**